ॐ त्वंहि नः पिता वसो त्वं माता शतक्रतो बभूविथ । अधाते सुम्नमीमहे ।

हिन्दी शार्टहैण्ड

अर्थात्

हिन्दी की संक्षेप लेख-प्रणाली ।

(हिन्दी संस्करण)

लेखक और प्रकाशक—

निष्कामेश्वर मिश्र बी० ए० एल्० टी०,

बनारस ।

दुर्गाप्रसाद वर्मा द्वारा—

भारत प्रेस, रामघाट, बनारस सिटी ए० –१११ ।

१९२१ ई० ।

'हिन्दी रेखाक्षर की कुंजी'

यह पुस्तक छप रही है—इसमें हिन्दी अभ्यासों को रेखाक्षर और रेखाक्षर वाक्यों को हिन्दी में लिखा गया है। इसके लेलेने से गुरु की बिलकुल आवश्यकता नहीं रहती और शार्टहैंड पढ़ने में बहुत सुगमता हो जाती है।

कागज़, बहुत अच्छा जिल्द सुन्दर मूल्य १)

गति बढ़ाने की पुस्तक।

इस पुस्तक में उपयोगी वाक्य चिन्ह तथा संक्षिप्त शब्दों पर अभ्यास दिये गये हैं। सब अभ्यासों में वाक्य बनाने के लिये संकेत हैं और प्रति २० शब्द के बाद एक निशान है जिसमें बोलने और गति जानने तथा बढ़ाने में सुविधा हो। पुस्तक छप रही है। पृष्ठ ६४ मूल्य ।=)

नोट—जिन महाशयों को ऊपर लिखी पुस्तकें मंगाना होवे कृपया अपना नाम लिखादें। पुस्तकें छपते ही उनकी सेवा में भेज दी जायेंगी।

भूमिका

सन् १९०७ में मैंने स्वर्गीय श्रीमान् श्रीशचन्द्र वसु सबजज के सहयोग तथा सहायता से रेखागणित की एक प्रथम पुस्तक, नागरी-प्रचारिणी सभा के कहने पर लिख कर उसको समर्पित की थी। पुस्तक लिखते समय यह आशा थी कि इस प्रणाली पर एक बड़ी पुस्तक जो सब प्रकार से पूर्ण हो, शीघ्र लिखनी होगी। परन्तु हिन्दी रेखागणित के पढ़ने वालों को किसी आर्थिक लाभ का निश्चित और तात्कालिक लक्ष न होने तथा किसी हिन्दी की बड़ी संस्था के इस ओर उत्तेजना देने का विचार न करने, और न काशी नागरी प्रचारिणी-सभा ही को, कदाचित दूसरे बड़े कामों में फँसे रहने के कारण, पुस्तक के छपवा देने के अतिरिक्त इस शुष्क विद्या के बढ़ाने के लिये और कुछ कर सकने के कारण, यह कार्य जहां का तहां पड़ा रहा। परन्तु अब १९०७ का समय नहीं, यदि उस समय हिन्दी-प्रेम के अंकुर जम चले थे तो आज वे हरे भरे वृक्ष बन कर लहलहा रहे हैं। उस समय पेड़ की भी पूरी आशा न थी आज फल की आशा करने वाले सैकड़ों मौजूद हैं। हिन्दी के व्याख्यान दाताओं की अब कमी नहीं है—कभी कांग्रेस में एक दो हिन्दी की वक्तृतायें सुननी मुहाल थीं आज, अधिकांश व्याख्यान हिन्दी में ही होते हैं। समय के अनुसार हिन्दी-रेखागणित की माँग की भिनक भी कानों तक पहुँचने लगी है।

आशा है कि अब यह छोटी पुस्तक जो आप सज्जनों की सेवा में उपस्थित की गई है अपनाई जायगी। मुझे इस महाशयों की सफलता पर बहुत कुछ विश्वास है केवल प्रार्थना

इस बात की है कि हिन्दी के प्रेमी इसको एक बार उ
परिश्रम और दृढ़ता से सीखने के लिये कटिबद्ध हों जितनी
दृढ़ता तथा संतोष की इस विद्या को आवश्यकता है।

प्रणाली।

के विषय में मुझको केवल इतना ही कहना है कि यह
पिटमैन शार्टहैंड के तरह की है। इसको हिन्दी भाषा की
आवश्यकता के अनुसार बनाया गया है। परन्तु इसमें बहुत
से ऐसे *महत्व के नियम हैं जो पिटमैन या और दूसरे शार्टहैंड*
में नहीं मिल सकते और जिनके कारण यह लिखने तथा पढ़ने
में बहुत सुगम हो गईहै। इसके सुगम होने का परिचय इस
बात से मिल जायगा कि जहाँ अंग्रेज़ी शार्टहैंड को निकले हुए
सौ वर्ष से अधिक हो जाने पर भी अभी ६ महीने में १००
प्रति मिनट की गती नहीं होती, उर्दू शार्टहैंड के आविष्कर्त्ता
अपने पुस्तक की भूमिका में लिखते हैं कि "इस मौक़े पर
इसका इज़हार नामुनासिब न होगा कि दौरान तसनीफ़
किताब हाज़ा में गवर्नमेंट ने १६ सब इन्सपेक्टरान पुलीस
वग़ैरह तालीम फ़न मज़कूर रवाना किये, जिनको तालीम दी
गई और तजरबे से यह तरीक़ ज़ूद नवीसी कामयाब साबित
हुआ। चुनानचे १५ माह के क़लील ज़माने में यह तुलबा १००
लफ़्ज़ फ़ी मिनट के अन्दाज़ से वे तकल्लुफ़ लिख सकते थे"
यहां इस हिन्दी शार्टहैंड को चार ही महीने में शौकिया तौर
पर—बनने के साथ ही साथ, जब कि इसमें नित्य नये परि-
वर्तन होते थे—महाशय अलगूराय ने इतना कर लिया कि
सुगमता से व्याख्यान लिख सके। अतः निश्चित है कि अब
पुस्तक के नियम स्थिर हो जाने पर कोई भी पुरुषार्थी ४ महीने
में १०० या इससे अधिक की गति कर सकता है।

धन्यवाद ।

सबसे अधिक धन्यवाद मुझको अपने मित्र तथा शिष्य महाशय अलगूराय को देना है जिनसे इस पुस्तक के लिखने में मुझको सब से अधिक सहायता मिली। आप इस पुस्तक के लिखे जाने के साथ साथ अभ्यास करते जाते थे जिस कारण से प्रणाली में बहुत से उत्तम २ परिवर्त्तन होते थे। इससे इनको असुविधा अवश्य होता था परन्तु प्रणाली को बहुत लाभ पहुँचा। इन सब कठिनाइयों के होते हुए भी आपने चार महीने में पूर्ण सफलता प्राप्त करली। चार महीने के अन्दर सैकड़ों परिवर्त्तन होते हुए इस लायक हो जाना कि हिन्दी के प्रसिद्ध वक्ताओं के व्याख्यान लिख लिये और हिन्दी के प्रसिद्ध विद्वान लाला भगवानदीनजी आपने नागरी प्रचारिणी सभा में हरिश्चन्द्र जयन्ति पर दिये हुए व्याख्यान के रिपोर्ट के सम्बन्ध में लिखते हैं 'मेरी सम्मति में यह रिपोर्ट ठीक लिखी गई है।") कम महत्व की बात नहीं है और इस प्रणाली के लिये यह कैसी आशा सूचक है सो वे लोग भली भाँति समझ सकते हैं जो रेखाक्षर से परिचित हैं। तत्पश्चात् मुझको अपने मित्र पं० गोपालप्रसाद शास्त्री साहित्याचार्य और अपने मित्र तथा शिष्य बाबू लालबहादुर वर्मा तथा बाबू त्रिभुवन नारायणसिंह को हार्दिक धन्यवाद देना है जिन्होंने समय २ पर पुस्तक लिखने तथा प्रूफ देखने में बहुत सहायता की। अन्त में मैं हार्दिक धन्यवाद उन सब महाशयों को देना है जिनकी पुस्तकों तथा लेखों से मुझको शब्द तथा वाक्य इत्यादि छाँटने में सहायता मिली है।

निष्कामेश्वर मिश्र।

परामर्श

इस किताब में संक्षिप्त प्रणाली के कुल नियम और अभ्यास के ढंग बतला दिये गये हैं। इस किताब को पढ़कर कोई हिन्दी का जानने वाला, बिना किसी अध्यापक की सहायता के भी, रेखाक्षर का पूरा ज्ञान और १०० शब्द प्रति मिनट की गति प्राप्त कर सकता है। अधिक सुविधे के लिये इस पुस्तक की 'कुञ्जी' भी बन रही है जिसमें रेखाक्षर में दिए हुए अभ्यासों को हिन्दी और हिन्दी के अभ्यासों को रेखाक्षर में लिखा गया है। इसको लेलेने से और नीचे लिखे परामर्श को याद रखने से अध्यापक की बहुत कम ज़रूरत रह जायगी।

यह सभी मानते हैं कि हमारी हिन्दी लिपि संसार में सब से सुगम और सब तरह से दोष रहित है। इसका कारण यही है कि इसके अक्षर ध्वनि (आवाज़) पर बने हैं और एक अक्षर सदा एकही आवाज़ का बोधक होता है। इसी तरह रेखाक्षर की प्रणाली, चाहे अंग्रेज़ी की हो चाहे हिन्दी की, आवाज़ पर बनी है। हिन्दी जानने वालों से इस सम्बन्ध में कुछ और कहने की आवश्यकता नहीं है।

बहुत से लोग जो रेखाक्षर से अनभिज्ञ हैं शीघ्र लिपि प्रणाली का नाम सुनकर समझ लेते हैं कि यह एक ऐसी विद्या है कि जिसमें लिखते समय हाथ की चाल बहुत जल्दी होनी चाहिये और जब वे किसी रेखाक्षर सीखने वाले को धीरे २ लिखते देखते हैं तो हँसते और ताज्जुब करते और कहते हैं कि यह कैसी शीघ्र लिपि प्रणाली है जिसमें ऐसे धीरे धीरे लिखा जाता है, इससे तो हम हिन्दी में जल्दी लिख सकते हैं। यह ध्यान उनके शीघ्र लिपि प्रणाली और उसके

बनाने वाले की योग्यता पर अविश्वास करने के लिए काफ़ी हो जाता है। पर यह समझ लेना भूल है। यह विद्या भी एक लिखने की भाषा के समान है। किसी भाषा को पहले जितना धीरे २ तथा बनाकर लिखा जाय उतना ही उसमें, अभ्यास हो जाने पर, सुन्दर अक्षरों में तेज़ी से लिखा जा सकता है। इस लिये रेखाक्षर के सीखने वालों को पहले बहुत धीरे लिखना चाहिये और कोशिश इस बात की करनी चाहिये कि अक्षर अच्छे बनें। जब पूरा अभ्यास हो जायगा और हिन्दी के शब्दों का रेखाक्षरों में पूरा परिचय हो जायगा तो गति अपने आप बढ़ जायगी, पर उस समय भी हाथ को दौड़ाने की उतनी ही आवश्यकता पड़ेगी जितनी और भाषाओं को जल्दी लिखते समय पड़ती है।

अब यह प्रश्न उठ सकता है कि जब इसके लिखने में हाथ की गति के अधिक बढ़ाने की आवश्यकता नहीं पड़ती तो गति कैसे इतनी अधिक हो जा सकती है। इसका कारण हाथ की गति नहीं, रेखाक्षर की सुगमता है। पहिले तो इसके अक्षर बहुत सुगम हैं, दूसरे अंकुश और वृत्त इत्यादि लगाकर एक चिन्ह से दो या तीन अक्षर का काम लेलिया जाता है। इस तरह जितनी देर में हिन्दी का एक शब्द लिखा जाता है उसके चौथाई से भी बहुत कम समय में रेखाक्षर में वह लिख लिया जा सकता है। इस लिये सीखने वालों को पहले पहल कलम से धीरे धीरे लिखने का अभ्यास करना चाहिये और जब तक ६० शब्द प्रति मिनट की गति न हो जाय पेन्सिल का बहुत कम प्रयोग करना चाहिये। कागज दलदार और अच्छे मेलका हो। निब मज़बूत और लचेदार होनी चाहिये। कागज़ इत्यादि के खराब होने से लेख गन्दा होता है पढ़ने में देर लगती

जितना साफ़ लिखा होगा और जितने सुन्दर अक्षर होंगे उतने ही अच्छी तरह और साफ़ पढ़ा जायगा—(२) अभ्यास जितनी शब्दों से और आँख से पहचान होगी, जितनी ज़्यादा बार शब्द पढ़ा गया होगा या जितना ज़्यादा लिखा गया होगा उतने ही सहूलियत और सुगमता के साथ वह लिखा और पढ़ा जा सकेगा। यह कोई नया नियम नहीं है, पर रेखाक्षर के विषय में जितना यह घटता है उतना कदाचित दूसरे में नहीं।

रेखाक्षरों को जल्दी पढ़ने के लिये लिखित रेखाक्षर की पाठ्य पुस्तक बड़ी उपयोगी होती है। पर अभी यह प्रणाली नयी है। जब इसमें लोगों की अधिक रुचि हो जायगी और ऐसी पुस्तकों की मांग अधिक आने लगेगी तब यह पुस्तकें बन जायेंगी। जब तक ऐसी पुस्तकें नहीं बनती तब तक अपने ही लिखे को अधिक पढ़ना चाहिये। अपने लिखे को एक या दो दिन के बाद भी पढ़ना अच्छा है। पढ़ते समय भूलों को देखते जाना, निशान करके उनके शुद्ध रूप का अभ्यास करना बहुत आवश्यक है। केवल यह ही नहीं परन्तु यह भी देखना चाहिये कि अमुक भूल किस कारण हुई और उस कारण उस कारण को हटाने का प्रयत्न करना चाहिये। जिसमें फिर उसी कारण से भूल न हो।

फ्रेज़ और बिना फ्रेज़िंग वाले अभ्यासों को बड़ी सावधानी से पढ़ना चाहिये। ये बड़े महत्व के हैं। इसलिए इनका अभ्यास भी भली प्रकार अभ्यास कर लेना चाहिये। बड़े शब्दों को संक्षिप्त बनाने का अधिकार विद्यार्थियों पर छोड़ दिया गया है। आशा है कि वे इस पर ध्यान देंगे। पहले तो हिन्दी में बड़े शब्द हैं ही कम, दूसरे जो हैं उनके बहुत बार प्रयोग नहीं किये जाते, तीसरे इस प्रणाली में बहुत

जितना साफ़ लिखा होगा और जितने सुन्दर अक्षर होंगे उतने ही अच्छी तरह और साफ़ पढ़ा जायगा—(२) अभ्यास जितनी शब्दों से और आँख से पहचान होगी, जितनी ज़्यादा बार शब्द पढ़ा गया होगा या जितना ज़्यादा लिखा गया होगा उतने ही सहूलियत और सुगमता के साथ वह लिखा और पढ़ा जा सकेगा। यह कोई नया नियम नहीं है, पर रेखाक्षर के विषय में जितना यह घटता है उतना कदाचित दूसरे में नहीं।

रेखाक्षरों को जल्दी पढ़ने के लिये लिखित रेखाक्षर की पाठ्य पुस्तक बड़ी उपयोगी होती है। पर अभी यह प्रणाली नयी है। जब इसमें लोगों की अधिक रुचि हो जायगी और ऐसी पुस्तकों की मांग अधिक आने लगेगी तब यह पुस्तकें बन जायँगी। जब तक ऐसी पुस्तकें नहीं बनतीं तब तक अपने ही लिखे को अधिक पढ़ना चाहिये। अपने लिखे को एक या दो दिन के बाद भी पढ़ना अच्छा है। पढ़ते समय भूलों को देखते जाना, निशान करके उनके शुद्ध रूप का अभ्यास करना बहुत आवश्यक है। केवल यह ही नहीं परन्तु यह भी देखना चाहिये कि अमुक भूल किस कारण हुई और फिर उस कारण को हटाने का प्रयत्न करना चाहिये। जिसमें फिर उसी कारण से भूल न हो।

द्विवर और बिन्दु-विभक्ति वाले अभ्यासों को बड़ी सावधानी से पढ़ना चाहिये। ये बड़े महत्व के हैं। इसलिए इनका अभ्यास भी भली प्रकार अध्ययन कर लेना चाहिये। बड़े शब्दों को संक्षिप्त बनाने का अधिकतर [illegible] छोड़ दिया गया है। आशा है कि वे इस पर ध्यान देंगे। पहले तो हिन्दी में बड़े शब्द हैं ही कम, दूसरे जो हैं भी वे बहुत कम प्रयोग में लिये जाते, इसलिए इस पुस्तक में बहुत

कम ऐसे रेखाक्षर चिन्ह बड़े से बड़े शब्दों के लिये होंगे जो लिखने में भद्दे या कठिन हों, तिसपर से भी अधिक बार आने वाले बड़े शब्दों के रूप याद कर लेने और कम आने वाले बड़े शब्दों के लिखने में पुस्तक में दिए हुए नियम को काम में लाने से लिखने की गति बहुत बढ़ जाती है। इसी तरह वाक्य चिन्हों को लिखने और स्वयं बनाने का अभ्यास करना चाहिए। यह पुनः कह देना अच्छा होगा कि जितना वाक्य-चिन्हों, संक्षिप्त शब्दों तथा शब्दाक्षरों का अभ्यास विद्यार्थियों को होता जायगा उनके लिखने की गति अपने आप अधिकाधिक बढ़ती जायगी।

इस पुस्तक के जो दो खण्ड कर दिये गये हैं उसका कारण यह है कि हिन्दी के अक्षर 'लीथो' में उतने सुन्दर और साफ़ नहीं उतरते जितने कि छापे में। यदि पहिले लीथो में छपवा कर पुनः हिन्दी में छपवाया जाता तो किताब के छपवाने की कठिनाई के साथ साथ उसका मूल्य भी अधिक हो जाता। जैसे १२४ पृष्ट वाली उर्दू शार्टहैण्ड की पुस्तक का मूल्य ५) है। एक पुस्तक में कुल नियम तथा हिन्दी के अभ्यास दिये गये हैं। सारी पुस्तक में उदाहरणों के रूप. रेखाक्षर में और रेखाक्षरों के अभ्यास हैं। विद्यार्थी समझ ही जाँयगे कि हिन्दी में जो अभ्यास दिये गये हैं वे रेखाक्षर में लिखने के लिये हैं और इसी प्रकार रेखाक्षर के अभ्यासों को हिन्दी में लिखना चाहिये। अभ्यासों का नम्बर उसी क्रम से दिया गया है जिस क्रम से उनका अभ्यास किया जाना चाहिये। दोनों पुस्तकें साथ ही पढ़ी जानी चाहिये। आशा है कि पाठक इस असुविधे के लिये क्षमा करेंगे। इससे उनको लाभ अवश्य है और विषय के सीखने में कुछ भी वास्तविक हानि नहीं है।

हिन्दी-शार्टहैण्ड

अर्थात्

हिन्दी की संक्षेप लेख-प्रणाली।

रेखाक्षर के नियम तथा हिन्दी-अभ्यास।

१. रेखाक्षर के व्यञ्जनों के बनाने में सहज रेखाओं का आश्रय लिया गया है जैसा कि रेखाक्षर संस्करण के पहले अभ्यास को देखने से मालूम होगा।

२. इन व्यञ्जनों को संस्कृत के पाँच वर्गों के अनुसार चुना गया है।

३. ये रेखायें दो प्रकार की होती हैं—एक पतली, दूसरी मोटी। वर्ग के प्रथम और द्वितीय अक्षर सब पतली रेखाओं से बनते हैं और उन्हीं रेखाओं को जब मोटा कर दिया जाता है तो उनसे उसी वर्ग के तृतीय और चतुर्थ अक्षर बन जाते हैं।

४. "ट" वर्ग के द्वितीय और चतुर्थ अक्षर, ह, र, और ल को छोड़ सब अक्षर ऊपर से नीचे को लिखे जाते हैं। "[illegible]" वर्ग तथा सानुनासिक वर्ण रेखा पर ही लिखे जाते हैं। "ट" वर्ग के द्वितीय और चतुर्थ अक्षर तथा ह, र और ल नीचे से ऊपर को चढ़ते हुए लिखे जाते हैं। (देखिये रेखाक्षर संस्करण का पहला अभ्यास)

चौथा अभ्यास ।

नीचे लिखे अक्षरों को रेखाक्षरों में लिखो। इसी प्रकार जहां कहीं नागरी के अभ्यास दिये हैं उनको * रेखाक्षर में लिखना है ऐसा विद्यार्थी को समझ लेना चाहिये।

च, थ, क, ज, न, म, फ, ब, द, ल, स, ह, ष, छ, ठ, ड, ढ़, ध, झ, ख, ग, त, प, भ, घ, य, र, ण, ट।

व्यञ्जनों का जोड़ ।

५. व्यंजनों को जोड़ते समय उनको साथ २ बिना क़लम उठाये लिखना चाहिये—यानी पहले व्यंजन का अन्तिम भाग दूसरे के पहले भाग से और इसी तरह यदि तीन या ... ज़्यादा व्यंजन हों तो दूसरे का अन्तिम भाग तीसरे के ... भाग से जुड़ा रहना चाहिये।

६. रेखाक्षर संस्करण के पांचवें अभ्यास में १ से ४ ... के जोड़े हुए व्यंजन लकीर पर रहते हैं। ५ और ६ वाली पंक्तियां तथा ऐसे ही जुड़ाव के दूसरे व्यंजन, जिनमें ... उतरते हुए व्यंजन आपस में मिलते हैं, इस प्रकार ... जाते हैं कि पहला लकीर पर और दूसरा लकीर के नीचे रहता है। जब एक सोए हुए व्यंजन के साथ दूसरा उतरता हुआ व्यंजन जुड़ता है तब सोया हुआ व्यंजन लकीर से ऊपर लिखा जाता है और उतरता हुआ व्यंजन लकीर पर रहता है जैसे, कच, कमज, नद।

---

* नोट—(क) रेखाक्षर संस्करण के दूसरे अभ्यास के अक्षरों को लिखो और साथ साथ उच्चारण करते जाना चाहिये।

(ख) रेखाक्षर संस्करण के तीसरे अभ्यास के अक्षरों को नागरी [illegible] में लिखना चाहिये। इसी प्रकार जहां * रेखाक्षर के अभ्यास रेखाक्षर [illegible] ... [illegible] हैं, विद्यार्थी को समझ लेना चाहिये कि उनको नागरी में लिखना है।

चौथा अभ्यास ।

नीचे लिखे अक्षरों को रेखाक्षरों में लिखो । इसी प्र
जहां कहीं नागरी के अभ्यास दिये हैं उनको * रेखाक्ष
लिखना है ऐसा विद्यार्थी को समझ लेना चाहिये ।

च, थ, क, ज, न, म, फ, व, द, ल, स, ह, प,
ठ, ड, ढ़, ध, झ, ख, ग, त, प, भ, घ, य, र, ःण, ट

व्यञ्जनों का जोड़ ।

५. व्यंजनों को जोड़ते समय उनको साथ २ विना क़
उठाये लिखना चाहिये-यानी पहले व्यंजन का अन्तिम भ
दूसरे के पहले भाग से और इसी तरह यदि तीन या उ
ज़्यादा व्यंजन हों तो दूसरे का अन्तिम भाग तीसरे के प
भाग से जुड़ा रहना चाहिये ।

७. व्यंजनों के बाईं तरफ़ लगे हुए स्वर पहले
दाहिनी तरफ़ लगे हुए स्वर व्यंजन के बाद बोले जाते
जैसे—आज, जा, उच, तू ।

८. सोए हुए व्यंजनों में ऊपर वाले स्वर पहले
नीचे के स्वर पीछे बोले जाते हैं । जैसे मा, आम, ऊच, उ
माफी, था ।

दसवां अभ्यास ।

(१) घु, लु, लि, पु, चै, ची, वी, शी, शु ।
(२) पू, जू, धा, चू, तु, भी, कौ, टि, डि, टि, डू ॥
(३) अब, अत, एक, एच, ऊद, ऊत, और, उस ॥
(४) इस, उस, ऊच, आल, ऐश, आश, ओज, ईश ।
(५) पटल, पाध, फल, पाहन, फन, ठल गाजर ॥
चाप, छेक, छम, वालम, सामना, भाप, सक ।
(६) नफ, नाधू, नाश, लीक, लाम, मिस, पास ॥
(७) घास, धस, नस, फ़म, काम, मादक, लाला ॥
(८) पापो, छाछ, मम, नैन, बीवी, शशि, चाची ॥
(९) गण, पढ, सडः चढ़ा, गाड़ो, हाय, हाप, सरि ।

शब्द चिन्ह ।

१. बोलचाल अथवा लिखने में बहुत बार आने वाले
के लिये कोई विशेष निशान अथवा उनके पहले का एक
दो व्यंजन मुकर्रर कर लिया जाता है जो कि "शब्द चि
कहलाता है ॥

२. 'शब्द चिन्हों' की सूची क्रमशः प्रत्येक अभ्यासों में दी
है । देखिये रेखाक्षर संस्करण । इन शब्द चिन्हों को बहुत

लिखकर याद कर लेना चाहिये बिना इनके याद किये आगे का अभ्यास करना बिल्कुल ठीक नहीं ॥

११. 'शब्द चिन्हों' के लिखने में स्थान का विशेष ध्यान रखना चाहिये अर्थात् जो चिन्ह लकीर पर हों वे लकीर पर रहें, जो लकीर के ऊपर हों वे ऊपर और जो उसके नीचे हों नीचे ही लिखे जाने चाहिये। लकीर के ऊपर और नीचे इत्यादि लिखने में जहां तक हो सका है नियम का पालन किया गया है ? यानी प्रायः आवाज़ में मिलते हुए शब्दों को एक ही स्थान दिया गया है। शब्दाक्षर में-जैसा आगे कहा जायगा-तीन स्थान होते हैं (१) लकीर के ऊपर इसमें अधिक-तर उन शब्दों को रखने का प्रयत्न किया गया है जिनके बीच में 'आ' पास स्वर है जैसे पाया, याद। दूसरे स्थान के शब्द लकार पर लिखे जाते हैं इनमें इ ई, ए वाले शब्द अधिक होते हैं। तीसरा स्थान लकीर के नीचे का है इनमें उ, ऊ, श्रो औ वाले शब्दों का अधिक प्रयोग होता है ॥

तेरहवा अभ्यास ।

(१) मैंने यह देखा है।
(२) राम और वह यहां उस मन्दिर में हैं।
(३) राम और गोपाल जो कि यहाँ थे देखो किस ओर गये हैं।
(४) अभी वह उस घर में गया है।
(५) तुम और वह मेरे साथ खेलते थे।

वाक्य चिन्ह ।

ारों में भी जल्दी लिखते समय अकसर
ो एक साथ बिना कलम उठाये लिखा

है। वैसे ही रेखाक्षरों में भी होता है। ऐसे चिन्हों को
चिन्ह' कहते हैं। जैसे, 'उस' और 'से' मिलकर 'उससे'
चिन्ह है॥

से चिन्ह विद्यार्थी भी कुछ अधिक सीख जाने पर
बना सकते हैं। ऐसे चिन्हों के बनाने में निम्नलिखित
ध्यान रखने चाहियें।

१) पहला 'शब्द चिन्ह', जिसमें अन्य चिन्ह जोड़े
हैं, अपने स्थान पर ही लिखा जाता है और दूसरे उसके
जोड़ दिये जाते हैं। उनके अपने स्थानों का ध्यान नहीं
जाता। जैसे, 'मैं भी कहता हूं' इस 'वाक्य चिन्ह' में
ा पहला स्थान रहेगा और ' भी, कहता और हूं, क्रमसे
जोड़ दिये जायेंगे उनके स्थान का कुछ ध्यान नहीं किया
ा, कहीं पड़ जायँ॥

२) 'वाक्य चिन्ह' भद्दे न बनने चाहियें वे ऐसे हों
े उनके लिखने और पढ़ने में कठिनाई न पड़े।

३) 'वाक्य चिन्ह' ऐसे न बन जाँय जो किसी प्रसिद्ध
के "शब्द चिन्ह" से बिल्कुल मिलते हों और उनके पढ़ने
पड़े।

पन्द्रहवां अभ्यास।

१) आज से चार दिन पहले मैं-ने उसको तीन सेब
े।

२) वह वहाँ से उस-ओर आरहा था।

३) सब इस-में-से पानी लेकर उसको देते हैं।

४) उसको-मैंने बार २ मना किया, वह कुछ सुनता
!

(५) वह, जो उसके घर में-है पूछने पर 'मैं-हूं' कहता है।

सतरहवां अभ्यास।

(१) पाई, माई, लाऊं, जाओ, चलिये जाइये, खाओ लाई, पाप चलयैया, बोआ, नचवैया।

(२) कहिए, मइए, देखिए, लाई, खोई, धोआ, बोआ, दिया, लोए, टोए।

(३) कमाइये, सोइयो, धोइयो, नहाइयो, पाया, गया, यात्र।

(४) मैंने कैवार तुमको उसका नाम बताया।

(५) वह यहां क्यों आया है सो मैं ही जानता हूं।

(६) यहाँ एक आदमी कई मास में जायगा।

(७) वह हो या तुम कोई तो यहाँ आओ ही।

(८) पक्का होना अच्छी बात है किन्तु गुट्ट करना अच्छा नहीं।

(९) ज्योंहीं वह आया मैं बोल उठा, "ओ, वर्मा आया" क्योंकि मैं बड़े देर से उसकी राह देख रहा था।

'स' या 'श' वृत्त।

(१३) 'स' या 'श' जब अकेला आता है या उसके पहले कोई स्वर होता है तो वह पूरा लिखा जाता है, पर जब वह किसी दूसरे व्यजनों के साथ शब्द के पहले, बीच में या अंत में आता है तो प्रायः एक छोटा सा वृत्त उसके लिये लिखा जाता है॥ जैसे आस, पास, सब, मस्क।

१४. 'स' वृत्त जब किसी खड़े वर्ण के साथ आता है तो उसका फेर बाईं तरफ होता है जैसे, सोच, सदं।

जाता है। ऐसे ही रेखाक्षरों में भी होता है। ऐसे चिन्हों को 'वाक्य चिन्ह' कहते हैं। जैसे, 'उस' और 'से' मिलकर 'उससे' वाक्य चिन्ह है॥

ऐसे चिन्ह विद्यार्थी भी कुछ अधिक सीख जाने पर स्वयम् बना सकते हैं। ऐसे चिन्हों के बनाने में निम्न लिखित नियम ध्यान रखने चाहियें।

(१) पहला 'शब्द चिन्ह', जिसमें अन्य चिन्ह जोड़े जाते हैं, अपने स्थान पर ही लिखा जाता है और दूसरे उसके साथ जोड़ दिये जाते हैं। उनके अपने स्थानों का ध्यान नहीं किया जाता। जैसे, 'मैं भी कहता हूं' इस 'वाक्य चिन्ह' में 'मैं' का पहला स्थान रहेगा और ' भी, कहता और हूं, क्रम से उसमें जोड़ दिये जायेंगे उनके स्थान का कुछ ध्यान नहीं कि जायगा, कहीं पड़ जायें॥

(२) ' वाक्य चिन्ह ' भद्दे न बनने चाहियें वे ऐसे हं जिससे उनके लिखने और पढ़ने में कठिनाई न पड़े।

(३) 'वाक्य चिन्ह' ऐसे न बन जाँय जो किसी प्रसिद्ध शब्द के "शब्द चिन्ह" से बिलकुल मिलते हों और उनके पढ़ने में भ्रम पड़े।

पन्द्रहवां अभ्यास।

(१) आज से चार दिन पहले मैं-ने उसको तीन सेव दिये थे।

(२) वह वहाँ से उस-ओर आरहा था।

(३) सब इस-में-से पानी लेकर उसको देते हैं।

(४) उसको-मैंने बार २ मना किया, वह कुछ सुनता भी है!

(५) वह, जो उसके घर में-है पूछने पर 'मैं-हूं' कहता है।

सतरहवां अभ्यास।

(१) पाई, भाई, लाऊं, जाओ, चलिये जाइये, खाओ लाई, पाप चलवैया, धोआ, नचवैया।

(२) कहिए, मइए, देखिए, लोई, खोई, धोआ, बोआ, दिया, सोए, टोए।

(३) कमाइये, सोइयो, धोइयो, नहाइयो, पाया, गया, धाय।

(४) मैंने कैवार तुमको उसका नाम बताया।

(५) वह यहां क्यों आया है सो मैं ही जानता हूं।

(६) यहाँ एक आदमी कई मास में जायगा।

(७) वह हो या तुम कोई तो यहाँ आओ।

(८) पक्का होना अच्छी बात है किन्तु गुट्ट करना अच्छा नहीं।

(९) ज्योंही वह आया मैं बोल उठा, "ओ, पर्मा आया" क्योंकि मैं बड़े देर से उसकी राह देख रहा था।

'स' या 'श' वृत्त।

(१३) 'स' या 'श' जब अकेला आता है या उसके पहले कोई स्वर होता है तो वह पूरा लिखा जाता है, पर जब वह किसी दूसरे व्यञ्जनों के साथ शब्द के पहले, बीच में या अंत में आता है तो प्रायः एक छोटा सा वृत्त उसके लिये लिखा जाता है॥ जैसे कास, पास, सब, सदक।

१४. 'स' वृत्त जब किसी गड़े वर्ण के साथ आता है तो उसका फेर बाईं तरफ होता है जैसे, सोच, सदं।

१५. 'स' वृत्त जब किसी ऐसे दो व्यंजनों के बीच में आता है जो आपस में मिलकर कोन बनाते हों तो यह कोन के बाहर की ओर निकलता हुआ लिखा जाता है। जैसे, विसकी, विशाच।

१६. 'स' वृत्त जब दो वक्र रेखाओं के बीच में आता है तो प्रायः पहली वक्र रेखा के अन्दर की ओर लिखा जाता है। जैसे, मौसिम, नसीम, खसखस।

१७. 'स' वृत्त जब किसी वक्र रेखा में जोड़ा जाता है तो उसके अन्दर की तरफ लिखा जाता है। जैसे, साथ, सास, नाश।

१८. 'स' वृत्त जब शुरू में लगता है तो हमेशा शुरू में (स्वर और व्यंजन दोनों के) बोला जाता है। जैसे, सोच, सथा। यहां 'स' पहले बोला गया है और फिर क्रम से स्वर और व्यंजन का उच्चारण हुआ है।

१९. जब 'स' वृत्त वर्ण के अन्त में लगता है तो स्वर और व्यंजन दोनों के पीछे बोला जाता है। जैसे, पचास, मास।

२०. किसी शब्द के अन्त में 'स' के पीछे यदि स्वर हो तो 'स' पूरा लिखा जाता है। जैसे, किसी, वासी।

२१. जब 'स' से पहले कोई स्वर हो तो 'स' पूरा लिखा जाता है। जैसे, ओस।

इक्कीसवां अभ्यास।

(१) कोस, बीस, बैंस, खास, तोस, मूस, कासिद, लास

(२) साल, शुद्ध, सोधा, साथी, सरल, सपथ, सजन, सूल।

(३) स्कूल, किश्ती, गश्त, बस्ती, नाशता, कश्ती, वस्ता

(४) कसाई, सोना, सोचा, हौसला, हस्ती, बासन।

(५) उममान, आसमानी, घासा, असवाब, हंसी, इसलाम

(६) इसके लिये एक सब से अच्छा वसुला लाइये।

(७) सब लोग सम्मान से सामने के आसन पर बैठाए गये, पर जैसा पहिले समझा था कुछ भाषण न कर सके॥

(८) उस स्थान पर उसके सिवाए ऐसा कोई नहीं है जो मुझे समझाए।

(९) यह सभा में विनाबुलाए, किसी के कहने से नहीं, सिर्फ अपने सोहबत के फल के अनुसार आया था।

(१०) ऐसा न हो कि तुम सारा सारांश ही उन्हें बतादो।

तेइसवां अभ्यास।

(१) समझ में नहीं आता कि यह क्यों नहीं आया।

(२) मौसिम ख़राब है, इसके लिये क्यों नहीं छाता ख़रीद करते। नहीं तो कोई बाहर नहीं जायगा।

(३) जब मैं राम के पास गया सिवा उसके कोई नहीं आया था।

(४) ऐसा कोई नहीं है जो लड़कों को पढ़ाने के लिये उसे नहीं समझाता।

(५) सब से मैं यह कह चुका हूं पर कोई नहीं समझता।

'बड़ा वृत्त'

(२२) व्यंजनों के आदि में एक बड़ा वृत्त लग जाने से ज़, या स्व लग जाता है। बड़े वृत्त के लगाने के वही नियम हैं जो छोटे वृत्त के। जैसे, स्वदेश, ज़नाना॥

(२३) व्यञ्जनों के बीच में बड़ा वृत्त केवल ज़ या ज का चिन्ह होता है। वृत्त के लगने के वही नियम होते हैं जो

छोटे वृत्त के। जैसे, अनजाने, मज़ाक़। 'ज़' या 'ज' के बाद आने वाले स्वर वृत्त के भीतर लिखे जाते हैं।

(५४) शब्दों के अन्त में बड़ा वृत्त 'ज़' या 'ज' का सूचक होता है। 'ज़' या 'ज' के बाद आने वाले स्वर वृत्त के भीतर ही लिखे जाते हैं। जैसे बाज़, साज, बाजा, मज़ो॥

पचीसवां अभ्यास।

(१) ज़नाना, ज़ुल्म, ज़माना, ज़ाहिर, मुगमता, सुधारक, स्वर्गीय, स्वच्छता, स्वाध्याय॥

(२) स्वच्छन्द, स्वाधीन, स्वधर्म, स्वार्थान्ध, ज़रदोज़ी ज़ुलेखा॥

(३) राजकाज, सजावट, हजामत, फ़ज़ूल मज़हब, वाजिब, सज़ा॥

(४) साहब ने सुधार का प्रस्ताव किया लेकिन उस पर ज़ियादा ध्यान नहीं दिया गया॥

(५) तुमको क्या यह मुनासिब था कि शिवाले में मार पीट कर बैठते?

(६) क्या सबब है कि तुम स्वयं कोई बात सोच समझ कर नहीं करते॥

(७) स्वराज्य का अर्थ जब तक साफ़ न किया जाय उसके लिये लड़ना मरना व्यर्थ है॥

छबीसवां अभ्यास।

(१) साहेब ने मुझे उस ज्योतिषी के साथ शिव के शिवालय में देखा था॥

(२) आदि में हमारे साथ के लोग उनके आने का समय जानने के लिये जैसे अति आतुर थे वैसे अब क्यों नहीं हैं ॥

(३) जिसे जैसा माल चाहिये या जिस चीज़ की ज़रूरत हो उन्हें बना दो ॥

(४) मेरे समझ में नहीं आता कि ज्योतिषी लोग ज्योतिष का सुधार क्यों नहीं करते ॥

(५) उनको यदि हमारे लोगों से छेड़ छाड़ न करनी होती तो उसके साथ मेल की तजवीज़ क्यों की। अतः उनसे हमलोगों को अब सजग रहना चाहिये ॥

अंडाकार वृत्त ।

(२५) अण्डाकार वृत्त शब्द के आदि के व्यञ्जन में लगाने से उस शब्द में सम या सन लग जाता है। जैसे, समाचार, समत्योहार।

(२६) शब्द के बीच में और अन्त में यह चिन्ह 'स्थ' 'स्त' 'ष्ट' का सूचक होता है। जैसे, समस्त, पिस्तौल निस्तेज, मिस्तरी।

(२७) जब यह वृत्त आधे व्यञ्जन से बड़ा लिखा जाता है तो 'स्तर' या 'स्थर' का बोधक होता है। जैसे, विस्तर, नश्तर, शस्त्र।

अट्ठाइसवां अभ्यास ।

(१) श्रेष्ठ, उत्कृष्ट, सन्तुष्ट, धृष्ट, रुष्ट, कनस्टर, ईस्टर।

(२) सिस्टर, विस्तार, दस्ताना, दस्तर, दुस्तर, क्लिष्ट।

(३) सिस्टर निवेदिता अपने समय की पुस्तक लेखिकाओं में परम सम्मानिता हुई हैं और समय २ पर प्रशंसा प्राप्त कर सकी हैं।

(४) सम्पादक का सम्पादन कर्म तभी लोगों को सन्तुष्ट कर सकता है जब उसमें निरपक्षपना स्पष्ट रूप से दृष्टि आता हो।

(५) उस दुष्ट की धृष्टता के कारण इस काष्ट के छोटे टुकड़े से ही सम्भवतः मेरा बिस्तर नष्ट हुआ।

(६) वृष्टि बाहुल्य से यह सम्भावना है कि गृहस्थों के समस्त कच्चे मकान पस्त हो जावेंगे।

(७) हमें शिष्टाचार की आशा शिष्ट लोगों से ही करनी चाहिये क्योंकि अशिष्ट जनों के लिये शिष्टाचार की समस्या दुस्तर है।

(८) सत्य और संयम ये विशिष्ट कर्म हैं जो मनुष्य को ईश्वर पदस्थ बनाने में यथेष्ट कहे जाते हैं।

तीसरा अभ्यास।

(१) गश्त में हर एक सिपाही अपनी समझ में सावधान रहता है।

(२) मास्टर और मिस्टर तो हमने सिवाय पण्डित जी के और किसी से कभी भी नहीं सुना है।

(३) " हम से सुयोग्य कौन है " यह मूर्ख लोग ही कहा करते हैं।

(४) ज़्यादा ज़िद करने से नहुष की जो गति हुई थी वह सब जानते हैं।

(५) सत्यपरायण निरपक्ष महानुभाव कम हैं। अतः यह दुर्दशा हो रही है।

(६) उसका घोड़ा मेरे घोड़े से उमदा नहीं है। वह उस के समान भी नहीं कहा जा सकता।

(२८) य, र, ल, और न को व्यञ्जनों के साथ लिखने के लिये अंकुशों का प्रयोग किया जाता है।

आदि में लगने वाले अंकुश।

(२९) खड़े व्यञ्जनों के बाईं तरफ़, सोये हुए व्यञ्जनों के नीचे और वक्र रेखा वाले व्यञ्जनों के अन्दर की तरफ शुरू में एक अंकुश लगाने से उनके अन्त में 'र' जुट जाता है। जैसे क्र, कर, त्र, ध्र, थर, नर।

(३०) खड़े व्यञ्जनों के दाहिनी तरफ़ और सोये हुए व्यञ्जनों के ऊपर एक अंकुश लगाने से उनके अन्त में "य" जुट जाता है। जैसे, क्य, द्य, दया।

बतीसवां अभ्यास।

(१) कर, घर, मर, हर, श्रद्धा, चाकर, काव्य, वाक्य, सत्य, महोदय, त्याज्य, पूज्य, यज्ञ।

(२) चक्र, नश्तर, कसर, धर्म, वर्मा, फ़र्क़।

(३) मिस्टर, दफ़्तर, कदर, खरीदा, जुर्माना।

(४) मान्यवर ने कई बार उसकी तारीफ़ की थी मगर उसकी तो इस तरफ़ प्रवृत्ति हो न थी।

(५) धर्म और धैर्य को छोड़कर आदमी को इधर उधर मारे मारे फिरना पड़ता है।

(६) शायद पार्लियामेण्ट का ध्यान इस पञ्जाब हत्याकाण्ड की तरफ जा जाय तो ताज्जुब नहीं, क्योंकि यह आन्दोलन असाधारण है।

(७) मेरे प्रेम का उद्देश्य जानना हो तो उनसे पूछ लो।

(८) उन लोगों से बहुत कहा गया कि चोरी को छो
पर वे तनिक विचार भी नहीं करते ।

(९) मनुष्य को बलात्कार कर्म फल भोगना ही पड़ता है

चौतीसवाँ अभ्यास ।

(१) तफ़रीह के लिये चपला की चमक भी एक अद्भु
चीज़ है कि छन भर में चमकी और फिर ग़ायब ।

(२) चपरासी के वापस होने के समय तक तो वहाँ प
कोई गड़बड़ी नहीं थी, फिर क्या हुआ सो मैं नहीं कह सकता

(३) ऊँट की रफ्तार तेज़ नहीं होती पर वह रेगिस्ता
में उससे भी अधिक कामका सिद्ध होता है जैसा एक घोड़
मैदान में हो सकता है ।

(४) साफ़ लिखना, साफ़ पढ़ना और साफ़ रहना य
सब शुरू से ही न सिखाये जायें तो फिर इनके सिखाने
विफल होना पड़ता है ।

(५) कुपात्र और सुपात्र दानयोग्य ब्राह्मणों के ज्ञान के
लिये उनसे कुछ देर वार्तालाप कीजिये ।

(६) शराफ़त सिर्फ शरीफ़ों में ही रह सकती है । पतित
और कपटमुनि वृत्ति लोग उसे अपना नहीं सकते ।

(७) चपत मार कर यह काम बच्चे से नहीं लिया जा
सकता जो प्रिय वचन बोलकर लिया जा सकता है ।

अन्त में लगने वाले अंकुश ।

(३१) खड़े व्यञ्जनों को बाईं ओर, सोये हुए व्यञ्जनों के
नीचे की तरफ और चक्र व्यञ्जनों के भीतर की ओर अन्त में

लगा हुआ अंकुश उनके अन्त में " न " का सूचक होता है। यथा, वन, तन, पान, कान, फन, दान, थन नैन।

(३२) खड़े व्यञ्जनों की दाईं ओर और सोये हुए व्यञ्जनों के ऊपर की तरफ अन्त में लगा हुआ अंकुश उनके अन्त में "ल" का सूचक होता है। यथा, पल, ताल, कल, चल, चला।

(३३) वक्र रेखाओं के आदि में एक बड़ा अंकुश लगाने से उनमें 'ल' जुड़ जाता है। जैसे, मल. खल, सलामत।

छत्तीसवां अभ्यास।

(१) भजन, लगन, मगन, चीन, जापान, ध्यान, बयान, ज़ियान, विद्वान, किसान, पिसान, ।

(२) मनन, चलन, धनन, टनन, झनन, पतन, सज्जन गान, जीवन, पान, आन, शान।

(३) भारत भारती के रचयिता ने बड़ा सम्मान पाया है।

(४) ध्यान पूर्वक करके एक बात को भली प्रकार जान लो तब कुछ कहने का साहस करो।

(५) जनाब मिरज़ा साहब बिनयल जलालपुर के बाशिन्दा हैं और फ़ारसी खूब पढ़े हैं।

(६) भजन गा गा कर आर्य समाज ने बड़ा प्रचार किया।

(७) सन्तलोग ईश्वर के ध्यान में मग्न रहते हैं उनको और का चिन्तन नहीं होता।

(८) मनन किये बिना अध्यात्म शास्त्र सिद्ध नहीं हो पाता, क्योंकि क्लिष्ट विषय है।

(९) गुल, दल, मल, सल, हल, खल, फल, टल।

(१०) भलमनसी, कलेजा, बादल, विद्वत्ता, धुंधला, खोखला, मझला।

(११) दलचल, खलबल, बिफल, छलिया, ढलन, पैछल।

हुक वाले व्यञ्जनों में 'स' का लगना।

(३४) जिन व्यञ्जनों में "य" या "ल" अंकुश लगा है उनमें "स" वृत्त अंकुश के अन्दर लगता है जिससे बिना अंकुश वाले व्यञ्जनों से फ़र्क़ जान पड़े। जैसे, सत्य, सेब्य, समल।

(३५) वक्र व्यञ्जनों में वृत्त अन्दर की ओर लगता है। जैसे सिखर, सफर, सुधार, सिसिर।

(३६) "र" या "न" हुक में "स" वृत्त उसी तरफ जोड़ा जाता है जिस तरफ अंकुश होता है, अंकुश का रूप वृत्त में बदल जाता है जैसे, सब, सबर, सज, सजर, कस, कसर, सद, सदर, गस, गसन।

अड़तीसवां अभ्यास।

(१) पहले पढ़लो तो इस पद की इच्छा करना।

(२) सबर करो, साहब अपील सुनेंगे और अपना सब बल मुक़द्मे की पैरवी में लगाओ।

(३) सर्वदा पितरों को लोग जल न देकर क्यों एक ग्यास महीने में ही देते हैं सो समझ में नहीं आता।

(४) अच्छे चाल चलन से आदमी का मान मर्याद रहता है। मान ही मर्याद जीवन है।

(५) सबल और निर्बल सापेक्ष्य शब्द हैं वास्तव में सभी समान हैं।

(६) केवल धर्म से ही उन्नति हो सकती है।

(७) इधर उधर भटकते वही लोग हैं जो बेकार और आलसी हैं।

(८) कलक्टर साहब ने उस ग़रीब की अपील क्यों नहीं मंज़ूर की।

(९) सुफल, सघन, सदन, स्थल, स्थिर, सञ्चालक।

(१०) सद्धर्म्म, सत्याग्रह, धीमान, वंशधर, नगर, सुघर, शिखर, सड़र, सफ़र, समर।

(११) निष्प्रयोजन, सप्रेम, शङ्कर, सन्तोष, शुभ्र, सुन्दर।

(१२) पत्र, सुकान्त, पंख, शाँत, कांप, हंस, दंश, जिस्म

(१३) लेख, सेव्य, विस्तार, स्वीकार।

'ह' का चिन्ह।

(१७)* किसी शब्द में उसके स्वर के पहले एक नुक़्ता देने से उस स्वर के पहले " ह " बोला जाता है जैसे हाफ़िज़ हानि, शुहर।

चालीसवाँ अभ्यास।

(१) हाथ, हाट, पहाड़, हिम्मत, हाकिम, हम, हिम, हानि।

(२) हाथुली, हिमालय, हिरासत, हालत, हौसला, होम-कुण्ड, होलिका।

(३) मोहब्बत, रहमत, रहमत, [illegible], [illegible], हिमाकत।

(४) मुझे बड़ा अफ़सोस है कि फ़िज़ूल ही यहां ऐसा फ़साद हो गया।

नोट—बहुत से ऐसे शब्द हैं जिनके [illegible]

(५) किताब पढ़ते समय लफ़्ज़ का उच्चारण साफ़ करना चाहिये।

(६) राजा और राज्य की आवश्यकता मानव ध शास्त्र तथा शुक्रनीति आदि ग्रन्थों में भली प्रकार प्रदर्शित है

(७) मैं यह अच्छा समझता हूँ कि तुम यहीं रहो औ इनसे पढ़ते हुए अपने ज्ञान को बढ़ाओ।

(८) तुम्हें चाहता था कि अपने कपड़ों को हिफ़ाज़त ं रखते कि दीमक न खाजाते, ख़ैर, अब क्या करोगे।

अन्तस्थों और व्यञ्जनों के बीच के स्वर।

(३८) अंकुश लगे हुए व्यञ्जनों को एक छोटी सी पतल लकीर से काटने से व्यञ्जनों तथा अन्तस्थों के बीच में "आ" का बोध होता है। जैसे पार, ख़ार, सार, मार, तार।

(३९) अंकुश लगे हुए व्यञ्जनों को एक छोटी सी मोटी लकीर से काटने से व्यञ्जनों तथा अन्तस्थों के बीच में इ, ई, ए, ऐ, का बोध होता है। (ई और ए का भेद वाक्यों में मतलब से मालूम हो जाता है।) जैसे पीर, चीर, भीर, तीन।

(४०) अंकुश लगे हुए व्यञ्जनों को छोटे से अर्द्ध वृत्ताकार चिन्हों से काटने से व्यञ्जनों और अन्तस्थों के बीच में इ, ऊ, ओ, औ का बोध होता है। (इन्ह चिन्हों में जिसको जिस व्यञ्जन के साथ सुविधा हो इस्तेमाल किया जाता है।) जैसे पूर, घोर, चोर, चोल, नोन तौल, शोर।

ब्यालीसवाँ अभ्यास।

(१) पाणिक, निर्माण, भण्डार, ज़मीदार, बाल्यावस्था, शीर्षक, चर्मकार, आचार, लाचार।

(४) मेरे लिये किस ने आपसे कहा था? वह तो कहते थे कि कुछ भी आप ने उन से मेरे विषय में नहीं कहा।

(५) जहां से यह मेघ आया था वहां से फिर उस वक्त से कुछ नहीं आया जब से वह वहाँ से चला आया है।

व्यञ्जनों के आधा करने के नियम।

(४१) शब्दों में अन्त के व्यञ्जन के साधारण परिमाण को आधा करके लिखने से उस व्यञ्जन के अन्त में त, ता, ती, ते अर्थात भूत और वर्त्तमान कालिक क्रियाओं की विभक्तियाँ जुड़ जाती हैं। इन कालों के रूप को पूरा करने के लिये केवल था, है या हूँ जोड़ना रह जाता है। जैसे गाता, खाता, सोता, रोता, खेलता, नाचता,।

(४२) क्रियाओं के अतिरिक्त अन्य शब्दों के अन्त में भी इसी नियमानुसार त, ता, ती, ते, या द लगता है जैसे घात, खेत, आदत, मौत, सौत, लात हाथ, स्वाद॥

(४३) शब्दों के बीच में या आदि में किसी व्यञ्जन को आधा करके लिखने से उसमें त या द जुड़ जाता है। जैसे पद्म, कदम, हल्ला, तत्व, प्रतिकार।

छियालीसवां अभ्यास।

(१) सत, पत, हद, खत, मद, मद, पद, कत, छत।

(२) आदत, आफत, उदित, औरत, आमद, औसत, इज्जत, इल्लत, उचित।

(३) विदित, अच्छादित, कदाचित, पदच्युत, तुरन्त, शब्द, अनन्त, अन्तर्गत, अध्यात्मिक।

(४) तदनुसार, शीतला, निश्चित, गोरखधन्धा, अनुचित, हिम्मत, तोहमत, रहमत, सहमत, जहमत ।

(५) खुशामद, इज्ज़त, शिद्दत, फसाहत, बलागत, हिमायत हिदायत, हिरासत, हालत ।

(६) विचारता, नीचता, खोजती, लेजाती, सजाती, बैठावा, हेरते, कहते, ~~[illegible]~~।

(७) समानता, व्यग्रता, क्रूरता, मर्यादित, घाती, धोती, उपयोगिता, प्रसन्नता, उपस्थित ॥

सैतालीसवां अभ्यास ।

(१) संसार में सफलता पाने के लिये वास्तव में अनुभव की बहुत आवश्यकता है, कोरी विद्या व्यर्थ है ।

(२) जहाँतक मुझे मालूम है असिस्टेण्ट सेक्रेटरी के अतिरिक्त बाबूसाहब को तीन या चार अच्छे क्लर्कों की भी आवश्यकता है ।

(३) श्रीयुत पाल ने बतलाया है कि स्वामी दयानन्द वस्तुतः एक सच्चे ऋषि थे-उनके कार्य महत्त्व पूर्ण हैं।

(४) मदद और सहायता पर्यायवाची शब्द हैं फक़त इतना ही अन्तर है कि एक हिन्दी का है और दूसरा उर्दू का ।

(५) यदि धर्म के मूलतत्त्वों पर आचरण करने का ठीक उपदेश हो तो राजा को बन्दीगृह बन्द ही करने पड़ें ।

(६) मनुष्य की महत्ता या नीचता उसकी सोसाइटी से जानी जाती है—वह जैसा साथ करता है वैसा ही समझा जाता है ।

(७) न तो दूतही वहां भेजा गया न और कोई दूसरा ही प्रबन्ध उन्हें सूचित करने का किया गया। मुनासिब है कि जल्दी कोई इन्तेज़ाम इसके लिये हो नहीं तो हानि होगी।

(८) एक उदार चित्त दाता ने मुझे यह वस्त्र दिया।

(९) हिन्दी और हिन्दुस्तान का समवाय सम्बन्ध कहना अत्युक्ति नहीं है।

(१०) पहले बन्दोबस्त इतने जल्द जल्द नहीं होते थे जितने अब होते हैं।

(११) सोहन इत्यादि ने दया से पूर्ण होनेका दावा कर के भी क्या किया जो इस आगन्तुक शत्रु को कटु वाक्य के अतिरिक्त न तो कुछ दिया और न आदर से अतिथि सत्कार ही किया।

व्यंजनों को दूना करने के नियम।

(४४) शब्दों में किसी व्यंजन को दूना करने से उसके अंतमें 'ट' या 'ड' जुड़ जाता है॥ जैसे बा, बात, बाट, जा, जात, जाट, जब, जब्त, जबड़ा॥

(४५) शब्द के अन्त में किसी व्यंजन के साधारण परिमाण को द्विगुण करने से उसमें ना, नी, ने भी लगजाते हैं जैसे बचाना, कहना—किस स्थान पर 'ट' या 'ड' का प्रयोग किया गया है और कहाँ ना,नी,ने का, यह वाक्य में अर्थ से स्पष्ट हो जाता है॥

(४६) कुछ शब्द ऐसे हैं जिनके अंत में क्रम से 'ट' या 'ड' और ना, नी या ने दोनों आते हैं जैसे बाटना। ऐसे शब्दों में 'ट' या 'ड' से पहले आये हुए व्यंजन को पूरा लिखकर 'ट, या 'ड' को द्विगुण किया जाता है। अब बाटना शब्द में 'ब'

को दूना नहीं किया जायगा जैसा साधारण नियमानुसार किया जाना चाहिये था, परन्तु 'ध' को साधारण रूप से लिखकर 'ट' को दूना करने से उसमें 'न' 'ना' इत्यादि लगा कर घटना या घाटने इत्यादि मतलब से पढ़ा जाएगा। जैसे, घांटना, छाटना, मोड़ना ॥

उनचासवां अभ्यास।

(१) एक छोटा लेकिन मोटा घोड़ा गाड़ी को छोड़ सड़क पर सरपट दौड़ रहा था। गाड़ी भी झटके से टूट कर गड्ढे में लुढक पड़ी। उसके खटागटकी आवाज़ से पड़ोसी चटपट दौड़ पड़े। अब उनसे गाड़ीवान ने गिड़गिड़ा कर गाड़ी उठाने को कहा तो खटपटा कर पीछा छुड़ाने के लिये खटपटाने लगे ॥

(२) यह तो सिद्ध हो चुका है कि हिन्दी उर्दू में इतना भी भेद नहीं है जितना हिन्दी बंगला या हिन्दी गुजराती या हिन्दी मराठी में है। क्रिया पद उर्दू में प्रायः सबही हिन्दी के अर्थात् संस्कृत प्राकृत के हैं। आना जाना, लाना, पीना, देखना, सुनना, सोना, जागना, जानना, बुझाना, समझना, चलना, फिरना इत्यादि धातुओं की बनावट हिन्दी की है। ध्वनिवाचक शब्द सब हिन्दी के हैं।

(३) पटन अभी पटने में नहीं बनते। ढाका में मलमल
... देखो लोप का पटन बनता है। साटन का कपड़ा
...ना होता है या बुरा ? दोनों प्रकार के कपड़े
दौड़ना और साथ ही साथ हंसना असम्भव

सूचक है। शिक्षक को चाहिये कि शिष्य को ऐसा करने
डांटे। डांटना बुरा नहीं पर कठिन और सूक्ष्म बातों में

स्वरों को आदि और अन्तमें लगाने के नियम।

(४७) व्याख्यानों को जल्दी लिखने में प्रायः इन्हें
स्वर नहीं लगाये जा सकते। परन्तु कुछ शब्द ऐसे हैं जिनके
पढ़ने में भ्रम हो सकता है इसलिये नीचे लिखे चिन्ह स्वरों
लिये निर्धारित किये गये हैं जिनको बिना क़लम उठाये शब्द
के आदि और अन्तमें लगाने से उनके पढ़ने में बड़ी सुगमता
होती है। परन्तु हरएक शब्द में यह चिन्ह लगाने से समय
नष्ट होने और लिखने में देर होने की सम्भावना है। इसलिये
इन चिन्हों को पहले सब शब्दों में लगाकर अभ्यास कर लेने
के पश्चात् उन्हीं शब्दों में लगाना उचित है जो कठिन जान
पड़ें, या जिनमें दूसरे शब्दों के भ्रम होने की सम्भावना हो।
कहीं २ पुराने स्वर-चिन्ह ही सुगम प्रतीत होंगे, वहां उन्हीं
का प्रयोग होना चाहिये। सारांश यह है कि इनके प्रयोग के
लिये, कि कहां कियाजाय कहां न कियाजाय, कोई विशेष
नियम नहीं बतलाया जा सकता। यह लेखक के अनुभव पर
निर्भर है।

(४८) वर्णों के आदि में ‹ और › चिन्ह 'अ' और 'आ' के
सूचक होते हैं। जैसे आम, अनानास, आनन्द, अख़बार, आज
अब, अलग़।

(४९) 'अ' या 'आ' के बाद 'स' वृत्त नहीं लगता
क्योंकि नियमानुसार 'स' पूरा लिखा जाता है। ऐसे अवसर
पर स्वर लिखना अनावश्यक है, क्योंकि 'स' का पूरा लिखा

जानाही सिद्ध करता है कि उससे पूर्व स्वर है। जैसे, आसमान असमय, असमंजस।

(५०) वर्णों के आदि में "और" चिन्ह 'उ' 'ऊ' 'ओ' 'औ' के सूचक होते हैं। नीचे मुख वाला चिन्ह प्रायः र, ल, ठ, ढ में ही लगता है। जैसे ऊन, ओला, औरत, उठना, उतावला।

(५१) वर्णों के आदि में ⁄ और ⁄ इ, ई, ए, ऐ की सूचिका होती हैं। जैसे इमली, इल्तजा, इमारत।

(५२) वर्णों के अन्त में "और" चिन्ह आ के सूचक होते हैं। इन्हीं को यदि मोटा कर दिया जाय तो ये ओं या आंए के सूचक होते हैं। जैसे सुविधा, सुविधाएं।

(५३) वर्णों के अन्त में "और" उ, ऊ, ओ औ, के सूचक होते हैं। चिन्हों का मोड़ वर्णों के मोड़ के अनुसार होता है। इन चिन्हों को मोटा करके लिखने से ये उओं इत्यादि, यानी उनके बहुवचन के सूचक शब्दों के सूचक होते हैं। जैसे चाकू, चाकुओं।

(५४) वर्णों के अन्त में ⁄ और ⁄ के चिन्ह इ, ई, ए, ऐ के सूचक होते हैं। इन्हीं को मोटा कर देने से ये इयों इत्यादि बहुवचनों के सूचक हो जाते हैं। जैसे फज़ीहत, फज़ीहतियाँ, इफ़ारी, इफ़ारियों।

पचपनवां अभ्यास।

(१) मुझे इसका अनुभव हुआ है कि जब तक एक लिपि-विस्तार-परिषद् की पत्रिका निकलती थी, मैं उसे बराबर

नोट—हर एक स्वर के लिये दो दो चिन्ह बना दिये गये हैं। लेखक अपने विवेक के अनुसार इनका प्रयोग करें।

सूचक है। शिक्षक को चाहिये कि शिष्य को ऐसा करने पर डांटे। डांटना बुरा नहीं पर कठिन और कूट शब्दों में न हो।

स्वरों को आदि और अन्तमें लगाने के नियम।

